आकाशवाणी शिमला

27.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री

प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को अपनी विरासत पर गर्व है और भारत नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन के युग की शुरुआत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी संख्या न केवल एक रिकॉर्ड है बल्कि इसने भारतीय संस्कृति और विरासत को कई सदियों तक समृद्ध बनाए रखने के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

मंडी–शिवरात्रि

मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज भव्य शोभा यात्रा के साथ आरम्भ हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में हिस्सा लिया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस बीच मुख्यमंत्री ने आज मण्डी में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ भी किया।

रजनी पाटिल

प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी रजनी पाटिल कल शिमला में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगी। इस दौरान वे सरकार और संगठन से जुडे काम काज की जानकारी लेंगी। कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद ये उनका हिमाचल का पहला दौरा है। इस दौरान वे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्रिमंडल सदस्यों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगी। इस बैठक से मिली फीडबैक के आधार पर रजनी पाटिल अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंपेगी।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। वे आज कांगड़ा जिले के नागरिक अस्पताल ज्वाली में अल्ट्रासाउंड मशीन के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के अस्पतालों में करोड़ों रूपए खर्च कर पुरानी मशीनों को बदल रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि ज्वाली अस्पताल में इस मशीन के स्थापित होने से स्थानीय लोगों को सटीक और त्वरित चिकित्सा जांच की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने युवाओं से सोशल मीडिया और इंटरनेट सेवाओं का सदुपयोग सुनिश्चित बनाने का आहवान किया है। वे आज चम्बा जिले के भटियात क्षेत्र के अवांह और होबार में पुस्तकालयों के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा

उपलब्ध करवाने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर पुस्तकालय खोले जा रहे हैं।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सरकार राज्य के धार्मिक स्थलों में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऊना जिले के कांगड़ में आज एक धार्मिक आयोजन में उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र में भी मंदिरों को भव्य रूप देने के लिए उनका सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश के अनेक इलाकों में वर्षा और उंची चोटियों पर हिमपात का क्रम आज दूसरे दिन भी जारी है। भारी बर्फबारी के चलते चम्बा जिला में जनजातीय पांगी घाटी का सड़क सम्पर्क शेष विश्व से कट गया है। पांगी के मुख्यालय किलाड़ में अब तक करीब एक फुट ताजा हिमपात हो चुका है। घाटी को जोड़ने वाले अंदरूनी मार्ग भी बर्फबारी के चलते अवरूद्ध है। लाहौल स्पिति जिले में भी लगातार हो रही बर्फबारी के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। किन्नौर और शिमला जिले के उंचाई वाले क्षेत्रों में भी हिमपात हो रहा है। प्रशासन ने खराब मौसम के चलते लोगों से बेवजह यात्रा न करने की अपील की है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में भी बारिश व बर्फबारी की सम्भावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरान कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा हो सकती है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केन्द्र सरकार किसान, बागवान और ग्रामीण कल्याण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की अनेक योजनाओं से प्रदेश के लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना से प्रदेश के करीब 9 लाख 73 हजार किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों को सड़कों से जोड़ने की दिशा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने अहम भूमिका निभाई है।

आर.बी.आई.

भारतीय रिजर्व बैंक हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण पर बल दिया है। धर्मशाला के मैकलोडगंज में आज वित्तीय साक्षरता शिविर में उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं तो वे अपने व्यक्तिगत वित्त के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होती हैं।

———————————————————————